RAF SECTOR

NEWS CLIP

12/01/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan Aligarh (UP)

शहर की अन्य प्रमुख मस्जिदों के बाहर भी तैनात रहा पुलिस फोर्स, आरएएफ जवान भी रहे मुस्तैद

ऊपरकोट में कड़ी सुरक्षा के बीच हुई जुमे की नमाज

अलीगढ़ | कार्यालय संवाददाता

शहर में शुक्रवार को ऊपरकोट जामा मस्जिद समेत सभी प्रमुख मस्जिदों पर जुमे की नमाज शांतिपूर्वक हुई। ऊपरकोट जामा मस्जिद पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। कोतवाली पुलिस के अलावा आरएएफ के जवान मुस्तैद रहे। वहीं सिटी मजिस्ट्रेट व सीओ प्रथम ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एएमयू में नागरिकता संशोधन कानून व एनआरसी के विरोध में छात्रों का धरना जारी है। इसको लेकर अभी माहौल कुछ गरमाया हुआ है। इसलिए हर शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन एहतियात बरतता है। इसी क्रम में इस बार भी शुक्रवार को ऊपरकोट जामा मस्जिद पर खासतौर पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए। नमाज शुरू होने से पहले ही सिटी मजिस्ट्रेट भी कोतवाली पहुंच गए। आरएएफ के जवान भी मुस्तैद हो गए। कड़ी सुरक्षा के बीच जुमे की नमाज शांतिपूर्वक अदा हुई। वहीं, सर्राफा बाजार, अब्दुल करीम चौराहा, शाहजमाल, जमालपुर, जीवनगढ़ आदि क्षेत्रों में मस्जिदों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रहे। यहां भी शांतिपूर्वक जुमे की नमाज अदा की गई।

ऊपरकोट जामा मस्जिद पर जुमे की नमाज के बाद अब्दुल मकियत पी-ए काजी फैसल, काजी जिला की ओर से पर्चे बांटे गए हैं, जिसमें दो मौलवी और एक मौलाना से सावधान रहने के लिए कहा गया है। आसिफ नगर के एक मौलवी का लड़का तुर्कमानगेट स्थित एक मदरसा में पढ़ता है। ये मौलवी किसी भी तरीके से सरकार की तरफ से काजी नहीं हैं। इनको अख्तियार नहीं है। इसी तरह सराय रहमान की एक मस्जिद में नमाज पढ़ाने वाले मौलाना भी से भी दूर रहने को कहा गया है।

ऊपरकोट स्थित जामा मस्जिद पर शुक्रवार को जुमे की नमाज अता करते नमाजी।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF



सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।